>

Title: Need to conduct an inquiry into reported poor implementation of work under Rashtriya Sam Vikas Yojana in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh - Laid.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालौन में केन्द्रीय सरकार द्वारा समविकास योजना के अंतर्गत करोड़ों रूपया दिया गया, उसका उपयोग सही तरीके से नहीं किया गया, जो सड़कें बनाई गई, उसका पैसा अधिकारियों एवं ठेकेदारों द्वारा पूरा नहीं लगाया गया है। विद्युत विभाग में जो पैसा दिया गया, तार नहीं बदले गये तथा कहां-कहां पैसा खर्च किया उसके पोस्टर नहीं लगाये हैं। कोंच नगर में 5 एम.वी.ए की जगह 8 एम.वी.ए का सब स्टेशन बनाया गया था एवं मेरे द्वारा निजी धन पर इसका उद्घाटन करने वाला पत्थर अधिशासी अभियंता द्वारा हटा दिया गया है एवं भूमि संरक्षण विभाग ने जो पैसा लेकर बन्धी कार्य मजूदरों द्वारा कराना था, वह मजदूरों से न कराकर कांट्रेक्टर से कराया गया तथा मस्टररौल में भी अनियिमतताएं पाई गई हैं।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि समविकास योजना के तहत जिन विभागों को पैसा दिया गया उसका सदुपयोग नहीं किया गया है।

अतः केन्द्रीय स्तर पर कमेटी बनाकर उपरोक्त बिन्दुओं की जांच कराने का कष्ट करें तथा जांच के समय मुझे भी अवगत कराया जाये।